卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 227 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦24 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## 24 घंटे में दबोचा वनकर्मी का कातिल

### शराब के नशे में हुए विवाद के चलते आरोपी ने कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट



हल्द्वानी। पीपलपड़ाव जंगल क्षेत्र स्थित भाखड़ा रेंज में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। मामले के खुलासे के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार 23 मई 2026 को पीपलपड़ाव जंगल स्थित भाखड़ा रेंज के प्लॉट संख्या-71 में एक वन कर्मी की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. मंजूनाथ टीसी ने तत्काल एसपी सिटी मनोज कत्याल, क्षेत्राधिकारी अमित सैनी एवं प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता को पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए। घटनास्थल पर वन विभाग के रेंजर नवीन सिंह रौतेला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने फॉरेंसिक मोबाइल टीम की सहायता से वैज्ञानिक तरीके से मौके का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। मृतक की पहचान वन विभाग में रोपण रक्षक के पद पर कार्यरत मेवा लाल पुत्र हरी लाल निवासी अलीपुर जित्ता, जनपद कौशाम्बी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच के दौरान घटनास्थल पर मौजूद चौकीदार तिवारी सिंह के बयान संदिग्ध पाए गए। पूछताछ में उसने बताया कि घटना से पूर्व उसने और मृतक ने एक साथ शराब का सेवन किया था, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज हुई। पुलिस को उस पर संदेह होने पर हिरासत में लेकर थाने लाया गया और सख्ती से पूछताछ की गई। वन बीट अधिकारी पवन कुमार की तहरीर पर कोतवाली हल्द्वानी में मुकदमा (शेष पृष्ठ 7 पर)

## काशीपुर में चीमा के निवास पर पहुंचे सीएम धामी,जताया शोक

काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने काशीपुर भ्रमण के दौरान जैतपुर घोसी में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के आवास पर पहुँच कर विगत 15 मई को हुए स्व. सरदार अमरजीत सिंह चीमा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके परिवार जनों को ढांढस बँधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति और अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने काशीपुर आई जी एल में अस्थाई हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में फंदे पर लटका मिला युवक

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। शनिवार की सायं ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घर



में फांसी पर लटका पाया गया। परिजन उसे फांसी से उतारकर उपचार के लिए चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी रामपाल कश्यप आटो चलाकर व मजदूरी कर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उसके तीन पुत्र अनुराग,अंकित व अरविन्द भी मजदूरी करते हैं। अनुराग व अंकित का विवाह हो चुका है। बताया जाता है कि 22 वर्षीय अंकित सिडकुल में मजदूरी करता था और नशा भी करता था। करीब 6 वर्ष पूर्व उसका ग्राम महतोष में विवाह हुआ था। उसका 3 वर्ष का (शेष पृष्ठ सात पर)



## डिलीवरी के बाद महिला की मौत,नर्स से मारपीट

### सीएमओ ने ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को किया अटैच

सितारगंज। उप जिला अस्पताल में भर्ती महिला को डिलीवरी के बाद मेडिसिटी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने सरकारी अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। आरोप हैं मेडिसिटी अस्पताल में सरकारी अस्पताल की नर्स के साथ मारपीट की गई। जो कैमरे में कैद हो गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले में जांच टीम गठित कर ड्यूटी में तैनात रहे समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को जांच पूरी होने तक नानकमत्ता सरकारी अस्पताल में अटैच कर दिया है। सती फॉर्म के ग्राम तीलियापुर बसगर निवासी 28 वर्षीय आरती पत्नी सिकंदर को प्रसव पीड़ा होने पर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरती के भाई दीपक ने आरोप लगाया कि नॉर्मल डिलीवरी के बाद आरती की हालत बिगड़ गई। अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने लापरवाही की। जिससे उसकी बहन की मृत्यु हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ उप जिला अस्पताल के डॉ कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि आरती को रात 9: 40 बजे नार्मल डिलीवरी हुई। आरती ने 12:00 तक परिजनों से बात की भोजन किया। इसके बाद आरती को ब्लीडिंग हुई। अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने तुरंत उसका उपचार किया। लेकिन बिल्डिंग नहीं रुकी। आरती को तत्काल ब्लड की जरूरत थी। जिस वजह से आरती को नजदीक के एसएच अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल वालों ने भर्ती करने से मना कर दिया। आरती को ऑक्सीजन और ट्रीटमेंट की जरूरत थी इस वजह से सरकारी अस्पताल में तैनात नर्स रुमा मरीज के साथ रुद्रपुर के मेडिसिटी अस्पताल पहुंची। मेडिसिटी अस्पताल में आरती को मृत (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेकाबू कार ने साईकिल सवार फल विक्रेता को रौंदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः बिलासपुर मार्ग पर घर से साईकिल पर सवार होकर प्रीत विहार में फल का ठेला लगाकर कारोबार करने आ रहे एक व्यक्ति को बिलासपुर की ओर से तेज गति से आ रही कार के अज्ञात चालक ने टक्कर मारकर



रौंद दिया। जिससे फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक की मदद से उसे उपचार के लिए तत्काल निकटवर्ती निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम चन्दन फार्म बिलासपुर निवासी 40 वर्षीय तोफीक अहमद प्रीत विहार कालोनी में फल का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार प्रातः वह रोज की तरह ठेला लगाने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## दिखावे की राजनीति कर रही है भाजपाः गणेश गोदियाल

### रूद्रपुर पहुंचने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत

रूद्रपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का रविवार दोपहर रूद्रपुर पहुंचने पर बगवाड़ा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और कांग्रेस समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। बगवाड़ा स्थित कांग्रेस नेता विक्रम सिंह विर्क के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष




गणेश गोदियाल ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नीतियों को उजागर करने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बदहाल स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर पेट्रो पदार्थों की बचत के लिए भाजपा महज दिखावे की राजनीति कर रही है। भाजपा के दांत दिखाने के और व खाने के कुछ और हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में तेल बचाना सही है परंतु भाजपा के मंत्री स्वयं इलैक्ट्रोनिक वाहन पर सवार होकर निकलते हैं साथ ही इसकी वीडियों बनाने के लिए कई कार्यकर्ता कारों में सवार होकर उनके (शेष पृष्ठ सात पर)

## गदरपुर पालिका में भ्रष्टाचार का एक और मामला!

### जहां पहले से लगी हैं इंटरलॉकिंग टाइल्स, वहीं दोबारा निकाल दी निविदा, 8 करोड़ से अधिक के टेंडरों पर उठ रहे सवाल

रुद्रपुर/गदरपुर। गदरपुर नगर पालिका एक बार फिर विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सुर्खियों में आ गई है। इस बार मामला वार्ड नंबर-3 स्थित पुरातन चामुंडा मंदिर के पास इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य की निविदा से जुड़ा है, जहां पहले से ही बेहतर स्थिति में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगी होने के बावजूद दोबारा निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने पत्रकार वार्ता कर इस मामले का खुलासा किया। इतना ही नहीं, संबंधित स्थल की तस्वीरें भी साझा की गईं, जिनसे प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि मंदिर के पास ऐसे किसी नए निर्माण कार्य की तत्काल आवश्यकता दिखाई नहीं देती। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और लोग नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने लगे हैं।



जानकारी के अनुसार नगर पालिका गदरपुर द्वारा 7 मई को विभिन्न समाचार पत्रों में 93 विकास कार्यों की निविदाएं प्रकाशित कराई गई थीं। इन निविदाओं में क्रम संख्या-28 पर वार्ड नंबर-3 स्थित पुरातन चामुंडा मंदिर के पास इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का उल्लेख किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित स्थान पर पहले से ही इंटरलॉकिंग टाइल्स अच्छी स्थिति में मौजूद हैं और वहां किसी नए निर्माण कार्य की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद उसी स्थान के लिए दोबारा निविदा जारी किए जाने से अब नगर पालिका की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का खेल खेला जा रहा है और बिना आवश्यकता वाले कार्यों को भी टेंडर में शामिल किया जा रहा है। गौरतलब है कि नगर (शेष पृष्ठ7 पर)

## तीन बड़ी चोरियों का खुलासा 35 लाख के जेवर बरामद

हल्द्वानी/लालकुआं। क्षेत्र में लगातार हो रही नकबजनी और चोरी की घटनाओं का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 35 लाख रुपये कीमत के लगभग 20 तोला सोने के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद जेवरात वर्ष 2025 और 2026 में दर्ज तीन अलग- अलग चोरी की घटनाओं से संबंधित बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार 19 मई 2026 को बिन्दुखत्ता निवासी श्रीमती चन्द्रा देवी ने थाना लालकुआं में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने के हार, नथ, मंगलसूत्र, चेन, अंगूठी, मांगटीका समेत अन्य आभूषण (शेष पृष्ठ सात पर)



# ग्राम विकास संगठन के संजय जिलाध्यक्ष व सुनील महामंत्री निर्वाचित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन जनपद शाखा नैनीताल का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैंडा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दर्मवाल तथा दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, मीडिया सलाहकार उत्तराखंड सरकार ध्रुव रौतेला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडे ने व संचालन प्रभाकर जोशी ने किया। कार्यक्रम में तल्ली हल्द्वानी के दो बार के पार्षद श्री मनोज जोशी जी तथा विभिन्न विकास खंडों से आए खंड विकास अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में नैनीताल जनपद में वित्तीय वर्ष 2025 26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को मुख्य अतिथि राम सिंह कैंडा द्वारा पुरस्कृत किया गया । इसके पश्चात जनपद महामंत्री सुनील कुमार पंत द्वारा मुख्य अतिथि के सामने एक ज्ञापन पढ़ गया । जिसमें ग्राम विकास अधिकारियों की समस्याएं लिखी गई थी। मुख्य अतिथि द्वारा आश्वस्त किया गया कि वह मुख्यमंत्री से बात कर इन समस्याओं का



शीघ्र समाधान करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडे ने ग्राम विकास अधिकारियों को संबोधित करते हुए सभी की समस्याओं का जिले स्तर पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ग्राम विकास संगठन के अध्यक्ष संजय डबराल द्वारा अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में मुख्य विकास अधिकारी को जिले स्तर पर हो रही समस्याओं का ध्यान आकर्षित कराया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए सभी सहायक खंड विकास अधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारी उपस्थिति रहे। सम्मेलन के द्वितीय सत्र में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर संजय डबराल विजय रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी दीपक पांडे को 22 मतों से हराया। जिला महामंत्री पद पर सुनील कुमार पंत ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राकेश नैनवाल को 19 मतों से हराया । वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र गोस्वामी, कोषाध्यक्ष पद पर गणेश कुमार का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। संजय डबराल व सुनील पंत की जोड़ी ने लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष व महामंत्री के पदों पर कब्जा किया। सम्मेलन में वरिष्ठ पत्रकार कैलाश जोशी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, तनवीर असगर, गिरीश पांडे, हर्षित गर्ग, श्रीमती श्वेता सैनी, शुभम अग्रवाल, प्रदीप पंत, महेश्वर अधिकारी, महेश पंत, नवीन कपिल, संजय जोशी, प्रमोद तिवारी, दिनेश दुर्गापाल, रवि नंदन, सौरभ बिष्ट, धीरज पांडे, धीरज जोशी, सुनील चन्याल, भागवत नाथ गोस्वामी, गोपाल दत्त जोशी, विनीत भट्ट, उमेश पलाडिया, उत्तम नाथ गोस्वामी, श्रीमती पुनीता तोमर, रवि राणा, दीपेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह राणा, लीलाधर आर्य सहित जनपद के सभी ग्राम विकास अधिकारी व सहायक खंडविका अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे ।

# रोडवेज बस से हल्द्वानी पहुंचे सांसद अजय भट्ट

रुद्रपुर/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ईंधन संरक्षण अभियान को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट शनिवार को दिल्ली से रोडवेज बस द्वारा हल्द्वानी पहुंचे। हल्द्वानी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इससे पूर्व रुद्रपुर में भी विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया जा रहा "ईंधन बचाओ" अभियान केवल एक अपील नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।



उन्होंने कहा कि स्वयं सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर उन्होंने आमजन को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि अनावश्यक ईंधन खर्च से बचते हुए अधिक से अधिक बस और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी आदतों में बदलाव लाकर ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। सांसद ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक होने और ईंधन बचत को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

# तीसरी बार अध्यक्ष बने ठाकुर जगदीश सिंह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर ठाकुर जगदीश सिंह का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर किच्छा के पूर्व



विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। सम्पन्न हुए चुनाव में ठाकुर जगदीश सिंह अध्यक्ष, निखिल द्विवेदी उपाध्यक्ष तथा अशोक गावड़ी, सुनीता मौर्य, मनोज कुमार, ज्ञानवती, रामजी सिंह, राम भुवन और केशव संचालक पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं तरुण दत्ता को उत्तराखंड सरकार द्वारा नामित किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में समिति को नई दिशा मिलेगी और किसानों तथा समिति के सदस्यों के हितों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव का लाभ समिति को मिलेगा। पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि ठाकुर जगदीश सिंह लंबे समय से समाज और सहकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनहित में कार्य करते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में समिति और अधिक मजबूत होगी तथा किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि ठाकुर जगदीश सिंह के अध्यक्ष बनने से सहकारिता क्रय विक्रय समिति को मजबूती मिलेगी और समिति विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर समिति को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस दौरान ठाकुर जगदीश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ समिति तथा किसानों के हित में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# हीट स्ट्रोक से बचाव को सीएमओ ने दिये वर्चुअल निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वर्तमान समय में बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल द्वारा जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों (जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) के प्रभारियों को हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी चिकित्सा इकाइयों के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अस्पताल में स्थापित



शहीट स्ट्रोक वार्डश का संचालन चौबीसों घंटे (24◦7) सुनिश्चित किया जाए। इन वार्डों में एसी, कूलर और पंखों की निर्बाध व्यवस्था हो ताकि मरीजों को तुरंत राहत मिल सके। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाइयों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सभी सेंटर्स पर रिंगर लैक्टेट, अन्य महत्वपूर्ण आइवी फ्लूइड्स (ओआरएस घोल सहित) और आवश्यक औषधियों का पर्याप्त स्टॉक हर समय उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण और जमीनी स्तर पर लू के खतरों से निपटने के लिए सभी ब्लॉक प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं को तुरंत विशेष प्रशिक्षण दें। आशा कार्यकर्ता क्षेत्र में हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार प्रदान कर सकें, इसके लिए उन्हें सक्षम बनाया जाएगा। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ उनके तीमारदारों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए, सभी अस्पतालों के वेटिंग एरिया में एसी/कूलर चालू रखने तथा शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम जनता से भी अपील की है कि दोपहर के समय बिना वजह घरों से बाहर न निकलें, सूती कपड़े पहनें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल से संपर्क करें। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं गैर संचारी कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक समीक्षा ली एवं सम्बंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# निरीक्षण में नशा मुक्ति केंद्र में मिली कई खामियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मानस नशामुक्ति केंद्र, लामाचौड़ एवं प्रकाश नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, प्रेमपुर लोशज्ञानी हल्द्वानी का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मानस नशामुक्ति केंद्र, लामाचौड़ में कुल 56 मरीज भर्ती पाए गए। केंद्र की व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का परीक्षण किया गया, जिसमेंअनियमितताएं पाई गई। केंद्र परिसर में एक्सपायरी डेट की दवाइयां रखी हुई पाई गईं, जो मरीजों के स्वास्थ्य हेतु गंभीर जोखिम की स्थिति उत्पन्न करती हैं।संस्था के प्रबंधक द्वारा बिना किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सीय डिग्री अथवा वैधानिक अनुमति के होम्योपैथी एवं इलेक्ट्रोपैथी दवाओं का उपयोग मरीजों को उपचार हेतु किया जाना प्रतीत हुआ।उक्त स्थिति प्रथम दृष्टया चिकित्सकीय मानकों एवं प्रचलित नियमों का उल्लंघन प्रतीत हुई। प्रकाश नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, हल्द्वानी में निरीक्षण



के समय केंद्र में कुल 27 मरीज भर्ती पाए गए। निरीक्षण के दौरान जो कमियां पाई गईं उनमें केंद्र में मरीजों हेतु पर्याप्त प्रकाश एवं वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था नहीं पाई गई। केंद्र का वातावरण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के न्यूनतम मानकों के अनुरूप संतोषजनक नहीं पाया गया।मरीजों के आवासीय कक्षों में पर्याप्त प्राकृतिक वायु एवं रोशनी का अभाव पाया गया, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। संस्था के प्रबंधक को केंद्र में उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। उपरोक्त निरीक्षण के आधार पर मानस नशामुक्ति केंद्र, लामाचौड़ के संबंध में संयुक्त विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नैनीताल को प्रेषित की गई। निरीक्षण के समय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री पारूल थपलियाल, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती श्वेता भंडारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# दो दुकानों में हुई चोरी का खुलासा ,दो गिरफ्तार

काशीपुर। ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दो दुकानों में हुई चोरी का पुलिस टीम ने खुलासा करते हुए घटना में प्रयुक्त ई रिक्शे के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों की नगदी और जरूरी दस्तावेज बरामद किए। पहली घटना के बारे में बीते 23 मई को मोहल्ला शिवनगर निवासी ललित पुत्र रामशरण ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उसके खोखे का ताला तोड़कर



4000 हजार की नगदी तथा 15-20 डिब्बे क्लासिक सिगरेट व उसका आधार कार्ड चोरी कर लिया गया। इसी तरह एक अन्य घटना में विधाता मार्बल प्राइम हॉस्पिटल के समीप रामनगर रोड निवासी दीपेश जैन पुत्र सज्जन कुमार ने बताया कि बीते 17 मई की रात्रि में उसके दुकान का शटर काटकर काउंटर से अज्ञात चोरों द्वारा 6 हजार रुपए ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड चोरी कर लिया गया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। घटना के अनावरण के लिए गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चेकिंग के दौरान मानपुर तिराहे के पास से पार्वती कॉलोनी गुरुद्वारा के पीछे निवासी सुमित पुत्र कल्लू तथा मोहल्ला कानून गोयान निवासी प्रियांशु शर्मा उर्फ जानू पुत्र मनीष शर्मा को चोरी की घटना में प्रयुक्त टुकटुक रिक्शा संख्या यूके 18 आर/6853 के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में दोनों के कब्जे से पुलिस को 6200 रुपए व 9 क्लासिक मार का सिगरेट की डिब्बी बरामद हुई। पुलिस की तल्खी देख दोनों ने जुर्म इकबाल कर लिया। गिरफ्तार दोनों चोरों से जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में एस आई मीना रावत, कंचन पलाडिया, प्रकाश बोरा, कांस्टेबल जगदीश पपने व गौरव सनवाल शामिल रहे।

# फर्जी डॉक्टर बनकर मिलावटी दवा बेचने का आरोप, युवक पकड़ा

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। एसडीएम, जिला आयुर्वेदिक विभाग और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को हिरासत में लिया है। आरोप है कि वह डॉक्टर बनकर लोगों को मिलावटी और नकली दवाएं बेच रहा था। मौके से बरामद दवाओं के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जानकारी के अनुसार एसडीएम ऋचा सिंह को शिकायत मिली थी कि वार्ड नंबर 9 में एक व्यक्ति बाहरी क्षेत्र से आकर चिकित्सक बनकर लोगों को मिलावटी आयुर्वेदिक दवाएं दे रहा है। शिकायत के बाद शुक्रवार को एसडीएम ऋचा सिंह ने जिला आयुर्वेदिक अधिकारी आलोक कुमार, औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला और थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के साथ संयुक्त रूप से औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति लोगों को आयुर्वेदिक दवा देता पाया गया। टीम ने मौके से एलोपैथिक दवाओं के साथ आयुर्वेदिक पाउडर के पैकेट भी बरामद किए। औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला ने बताया कि बरामद दवाओं को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपी केवल 12वीं पास है और उसके पास किसी प्रकार की चिकित्सीय डिग्री नहीं मिली है। सभी संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# गुलवेश आलम बने बाजपुर सहकारी समिति के उपाध्यक्ष

बाजपुर। बाजपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लिमिटेड बाजपुर के उपाध्यक्ष पद के लिए शनिवार को हुए चुनाव में कांटे की टक्कर के बाद गुलवेश आलम ने जीत हासिल कर ली। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच संपन्न हुए चुनाव में गुलवेश आलम पुत्र हाजी कदीर अहमद और शशि वाला सरना आमने-सामने थे। मतदान के दौरान दोनों प्रत्याशियों को बराबर-बराबर छह-छह मत प्राप्त होने से मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। स्थिति बराबरी पर पहुंचने के बाद दोनों प्रत्याशियों की सहमति से पर्ची डालकर विजेता का फैसला किया गया, जिसमें गुलवेश आलम को विजयी घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर जीत की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और गुलवेश आलम को बधाइयां देने वालों का तांता लग गया। गौरतलब है कि इससे पहले गुलवेश आलम समिति में संचालक पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए थे और अब उपाध्यक्ष पद पर भी उन्होंने जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम के बाद उनके पिता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार हाजी कदीर अहमद ने सभी समर्थकों, मतदाताओं और सहयोगियों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह सभी लोगों ने उनके बेटे गुलवेश आलम पर विश्वास जताया है, वह उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गुलवेश आलम समिति और क्षेत्र के किसानों तथा सदस्यों के हित में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

# सीएम धामी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने लिया हरि चैतन्यपुरी से आर्शीवाद

देहरादून (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा आश्रम कामां के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 हरि चैतन्यपुरी जी महाराज के देहरादून प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, दर्जा राज्य मंत्री विनय रुहेला, मधु भट्ट आदि गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आर्शीवाद लिया गया। देहरादून के अत्यधिक व्यस्त कार्यक्रमों में से परम पूज्य महाराज जी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ामी के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री आवास पर भी पधारे। जहां मुख्यमंत्री सहित अनेक मंत्रियों व गणमान्य लोगों ने श्री महाराज जी का हार्दिक स्वागत किया। स्वामी हरि चौतन्य पुरी महाराज के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चौतन्य पुरी महाराज उत्तराखंड ही नहीं बल्कि भारत के गौरव है। उन्होंने कहा कि उन्हें समय-समय पर महाराज जी का आशीर्वाद मिलता रहता है और वह अपने आप को बहुत धन्य समझते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी हरि चौतन्य महाप्रभु ने संपूर्ण विश्व में भारतीय सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करके भारत का गौरव बढ़ाया है। उनका स्वागत व सम्मान करते हुए वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि महाराज श्री ने संपूर्ण देश की पैदल यात्रा करके व लगभग संपूर्ण विश्व में स्थान स्थान पर जाकर भारत की अमूल्य व महान संस्कृति का प्रचार प्रसार किया है। विश्व धर्म संसद व यूनिवर्सल पीस कांफ्रेंस जो कि सियोल ओलंपिक स्टेडियम सियोल दक्षिण कोरिया में आयोजित हुई उसमें भारत का प्रतिनिधित्व करके भारत का मान बढ़ाया। श्री महाराज जी को बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर ऑफ इंडिया, बेस्ट इंटरनेशनल स्पिरिचुअल लीडर इन हिन्दू मैथोलॉजी, इंटरनेशनल पीस अवार्ड, पर्यावरण रत्न व ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमंस लंदन में भारत गौरव सम्मान मिल चुका है।देश व प्रदेश के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। श्री महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री विनय रूहेला व अनेक मंत्रियों व गणमान्य लोगों संग देश व प्रदेश के बारे में विस्तार से चर्चा की। श्री महाराज जी एक घंटे तक वहाँ रहे। मुख्यमंत्री आवास के कार्यक्रम के बाद 1982 से परम स्नेह व आस्था रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के आग्रह पर देहरादून में ही उनके राजनीतिक जीवन पर बनी डाक्यूमेंट्री के लोकार्पण समारोह में भी पधारे। जहां स्वयं हरीश रावत, पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मंत्री हरीश दुर्गापाल व कार्यकर्ताओं ने भी श्री महाराज जी का हार्दिक स्वागत किया। शाम के दर्शनों के सत्र में भी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कैबिनेट मंत्री विनय रूहेला, मंत्री श्रीमती मधु भट्ट, प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता श्रीमती गरिमा मेहरा दसोनी व भाजपा व कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता, अनेक अधिकारी भी उपस्थित रहे। देहरादून में भी श्री महाराज जी का अग्रिम पावन जन्मोत्सव अनेक स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया।






# पूरे जिले में चलेगा ऑपरेशन क्लीन स्वीप : गणपति

## बकरीद और निर्जला एकादशी को लेकर एसएसपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) और निर्जला एकादशी पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर अजय गणपति ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधि कारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। एसएसपी ने कानून व्यवस्था, स्वच्छता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान पूरे जनपद में "ऑपरेशन क्लीन स्वीप" चलाया जाएगा। साथ ही 23 और 24 मई को विभिन्न स्तरों पर पीस कमेटी यानी शांति समिति की बैठकों का आयोजन कर सभी पक्षों से संवाद बनाए रखा जाएगा, ताकि किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न न हो। बकरीद पर्व के दौरान होने वाली कुर्बानी को लेकर एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी नए अथवा गैर परंपरागत स्थान को कुर्बानी के लिए चिह्नित नहीं किया जाएगा। कुर्बानी केवल ढके हुए स्थानों पर ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहार के तीनों दिनों में कुर्बानी स्थलों की पुलिस द्वारा निगरानी की जाएगी तथा निकलने वाले अपशिष्ट का सुरक्षित और उचित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। निर्जला एकादशी पर्व को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी, रूट डायवर्जन और सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों से कहा गया कि पर्व के दौरान कहीं भी खुले में मांस या अपशिष्ट दिखाई न दे, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरे जनपद को छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जहां जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों और मजिस्ट्रेटों की तैनाती की जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने और उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी अजय गणपति ने मीडिया और पत्रकारों से भी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संवेदनशील समय में किसी भी प्रकार की गैर जिम्मेदाराना रिपोर्टिंग, अफवाह या बिना पुष्टि वाली खबरों के प्रसारण से बचा जाए। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से त्योहारों को शांति, भाईचारे और स्वच्छता के साथ मनाने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि माहौल खराब करने अथवा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# ढोरा डैम और रम्पुरा में दो भट्टियां ध्वस्त कर कच्ची शराब व लहन नष्ट किया

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने क्षेत्र 1 रुद्रपुर अंतर्गत ढोरा डैम और रम्पुरा क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान ढोरा डैम क्षेत्र में कच्ची शराब निर्माण कर रही दो भट्ठियों को ध्वस्त किया गया तथा मौके से लगभग 4000 किलो लहन बरामद कर नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भी बरामद की। इसके अलावा रम्पुरा क्षेत्र में एक घर पर दबिश देकर 50 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई, जिसकी मात्रा लगभग 15 लीटर बताई गई है। मामले में वार्ड नंबर 24 रुद्रपुर निवासी मुकेश पुत्र गेंदा लाल के खिलाफ उत्तराखंड आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियान में आबकारी निरीक्षक रुद्रपुर सोनू सिंह सहित विभागीय कार्मिक मौजूद रहे।



# ओखलकांडा में मंत्री राम सिंह कैड़ा ने सुनी समस्याएं

भीमताल (उद संवाददाता)। भीमताल विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने शनिवार को भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा ब्लॉक अंतर्गत खनश्यू, गरगड़ी तल्ली, गरगड़ी मल्ली, कालाआगर, टीमर और क्वेराला सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री के समक्ष बिजली, पेयजल, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाध ान करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनश्यू में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया और ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। मंत्री ने जल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत संचालित पेयजल लाइनों के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग और पीएमजी एसवाई के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों की मरम्मत जल्द कराने को कहा। राम सिंह कैड़ा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता तक पहुंचकर उन्हेंविभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओंका लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।



# नशा मुक्ति केंद्र के निरीक्षण में मिली गंभीर अनियमितताएं

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नशा पीड़ितों की सहायता, नशा उन्मूलन एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के नियंत्रण हेतु विधिक सेवा दिशा निर्देश 2015 के अंतर्गत शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर की सचिव ममता पंत, तहसीलदार रुद्रपुर दिनेश कुटोला तथा ड्रग इंस्पेक्टर शुभम कोटनाला ने आयरक्षा नशा मुक्ति एवं जनसेवा ट्रस्ट, डॉक्टर्स कॉलोनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि केंद्र को उत्तराखंड राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा 30 नवंबर 2023 को एक वर्ष के लिए अस्थायी पंजीकरण दिया गया था, लेकिन 29 नवंबर 2024 के बाद के लाइसेंस अथवा नवीनीकरण संबंधी कोई संतोषजनक दस्तावेज केंद्र प्रबंधन प्रस्तुत नहीं कर सका। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि केंद्र तीन मंजिला भवन में संचालित हो रहा है, जहां एक तल पर पेइंग गेस्ट सुविधा भी संचालित की जा रही थी। टीम ने पाया कि केंद्र के कमरे पर्याप्त रूप से हवादार नहीं थे। वर्तमान में 48 व्यक्तियों को केवल एक बड़े हॉल और दो छोटे कमरों में रखा गया था, जिसे निरीक्षण दल ने अपर्याप्त माना। रसोईघर के निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी डेट वाला नमक का पैकेट भी बरामद हुआ। तहसीलदार दिनेश कुटोला ने उक्त सामग्री को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए जब्त कर लिया। निरीक्षण दल ने केंद्र प्रबंधन को आवश्यक व्यवस्थाएं सुधारने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# अपराधिक गतिविधियों पर कई के शस्त्र लाइसेंस निरस्त

## एनडीपीएस के आरोपी को छह माह के लिए किया जिला बदर

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल में आपराधिक गतिविधियों और कानून व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कई आरोपितों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने विभिन्न मामलों में शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही एक आरोपी को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार वसीम अहमद निवासी वार्ड नंबर 21 इंदिरा नगर, थाना बनभूलपुरा पूर्व में आईपीसी की धारा 120 बी, 147, 148, 149, 3/4 लोक संपत्ति विरूपण अधिनियम तथा यूएपीए एक्ट के मामले में निरुद्ध रह चुका है। इसके अलावा मकसूद हुसैन निवासी थाना बनभूलपुरा, मुनव्वर अली निवासी लाइन नंबर 19 नई बस्ती बनभूलपुरा तथा कासिम खान निवासी वार्ड नंबर 3 आजाद नगर बनभूलपुरा के शस्त्र लाइसेंस भी जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं। एक अन्य मामले में पोस्ट ऑफिस के पीछे थाना काठगोदाम निवासी त्रिभुवन चंद पर आरोप है कि उन्होंने शराब के नशे में अपनी 0.32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल से सार्वजनिक स्थान पर वाहन में बैठकर फायरिंग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने त्रिभुवन चंद का शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। वहीं दुर्गा कॉलोनी गौजाजाली, थाना बनभूलपुरा निवासी हरप्रीत विज उर्फ बुंदा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के कई मुकदमे दर्ज होने के चलते जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उसे छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने तथा शस्त्रों के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# मोहम्मद शादाब निर्विरोध प्रतिनिधि निर्वाचित

गदरपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल जिला केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के चुनाव में मोहम्मद शादाब निर्विरोध प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किए गए। उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा मोहम्मद शादाब को फूल मालाओं से लादकर उनका जोरदार स्वागत किया। क्षेत्र के लोगों ने उनके निर्विरोध निर्वाचन को उनकी लोकप्रियता, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पित कार्यशैली का परिणाम बताया। मोहम्मद शादाब ने अपनी जीत का श्रेय



सभी सहयोगियों, समर्थकों और क्षेत्रवासियों को देते हुए राजेंद्र पाल, सुरेश कंबोज तथा बोर्ड के सभी संचालकों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और विश्वास से उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है, जिस पर वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे तथा क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देंगे। इस दौरान बोर्ड के सभी निर्वाचित संचालकों और सदस्यों का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में हेमंत कुमार, प्रकाश देवी, विजय कुमार, गीता रंजन, बबीता, हरजीत कौर, कुलवीर सिंह, दीपिका शाह, किशनलाल, अल्का रानी, साहब गंभीर, जसवीर सिंह और रजनी बजाज सहित अनेक गणमान्य लोग, समर्थक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 गौरव, विकास और संकल्प का पर्व



# देवभूमि उत्तराखण्ड

## विकास भी, विरासत भी

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



"यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरूप राज्य को इस दशक में आदर्श राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## उत्तराखण्ड @2025 से उत्तराखण्ड @2047

# संकल्प

## प्रधानमंत्री जी के विज़न को साकार करने का






### इको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, बारहमासी पर्यटन

- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया।
- एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ऋषिकेश के साथ टनकपुर में रिवर राफ्टिंग की हुई शुरुआत।
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- चारधाम शीतकालीन प्रवास स्थान (खरसाली, मुखबा, उखीमठ, पाण्डुकेश्वर) आदि प्रसिद्ध धाम हैं।






### वाइब्रेंट विलेज


- वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत चयनित 51 गांवों का किया जा रहा सुनियोजित विकास।
- इन गांवों में होमस्टे, स्वरोजगार, खेती स्थानीय उत्पादों एवं सोलर के माध्यम से बिजली उत्पादन को भी दिया जा रहा बढ़ावा।
- राज्य सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेज को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर दिया जा रहा जोर।
- पर्यटन केंद्र के बनने से मिलेगा स्थानीय लोगों को रोजगार तथा आर्थिक रूप से होंगे सशक्त।



### हाउस ऑफ हिमालयाज


- प्रधानमंत्री जी के वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के विज़न को साकार करने की दिशा में 2023 में हाउस ऑफ हिमालयाज का किया गया शुभारंभ।
- हाउस ऑफ़ हिमालय के अंतर्गत अब तक राज्य की 3,300 ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष रूप से मिला लाभ।
- 400 से अधिक लोकल क्लस्टर की मैपिंग एवं वर्तमान में 50 से अधिक लोकल क्लस्टर इकाइयों से हो रही सक्रिय खरीदारी।





### वेडिंग डेस्टिनेशन

- राज्य सरकार उत्तराखण्ड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में कर रही स्थापित।
- देशभर से बड़ी संख्या में लोग त्रियुगीनारायण मंदिर, ऋषिकेश, हरिद्वार, नैनीताल, रामनगर, मुक्तेश्वर ग्वालदम जैसे स्थानों पर विवाह करने आते हैं। इन स्थानों में बुनियादी सुविधाओं का हो विकास एवं शादियों से स्थानीय लोगों को मिले रोजगार, राज्य सरकार ऐसी व्यवस्था कर रही है सुनिश्चित।





### हस्तशिल्प, आर्गेनिक उत्पाद

- महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत महिला/स्वयं सहायता समूहों को रुपए 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के कराया जा रहा उपलब्ध।
- प्रदेश में अब तक करीब 1 लाख 65 हजार लखपति दीदी बनाई गईं।
- उत्तराखण्ड के 15 कृषि उत्पादों को मिला जीआई टैग।

## पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

### लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
गुरु माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
Festival Offer
HOME APPLIANCES पर पाए ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### गर्मी से तपता जनजीवन

उत्तर और मध्य भारत के दस से अधिक राज्य इन दिनों भीषण गर्मी से तप रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा पहुंचा है। लोग गर्मी से निजात पाने के लिए मैदानों से पहाड़ की ओर जाते हैं, लेकिन अब कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में भी लू चलने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा में जहां अधिकतम तापमान 47 डिग्री को पार कर गया है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार की रात पिछले चौदह वर्षों में सबसे गर्म रही।बढ़ते तापमान की तपिश ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि इससे कृषि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह फसलों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि हर साल मौसम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव आखिर क्यों हो रहा है। जाहिर है कि यह जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक ताप का ही नतीजा है, जिससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है।तापमान का बढ़ना सिर्फ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं को शारीरिक रूप से ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि इसका असर व्यापक होता है। अत्यधिक गर्मी से प्राकृतिक जलस्रोत सूखने लगते हैं, जिससे पेयजल संकट पैदा हो जाता है। सिंचाई के बिना फसलें बर्बाद हो जाती हैं और कई दफा बुआई का कार्य भी प्रभावित होता है।यही नहीं, झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकलते हैं और बाजारों की रौनक गायब हो जाती है। नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां सुस्त पड़ जाती हैं और इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। गर्मी की सबसे ज्यादा मार गरीब तबकों को ही झेलनी पड़ती है, जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। सरकार की ओर से ऐसे लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।इस बात पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए कि आखिर मैदानों के साथ अब पहाड़ भी क्यों तपने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैज्ञानिक तरीके से खनन और पर्यटक वाहनों के बढ़ते दबाव से स्थानीय मौसम चक्र में बदलाव हो रहा है। ऐसे में अगर अब भी हम नहीं संभले, तो निकट भविष्य में इसका परिणाम भयावह हो सकता है।

# बकरीद पर खुले में पशु बलि रोकने की उठी मांग

## हिंदू संगठनों ने महापौर विकास शर्मा को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर। आगामी बकरीद पर्व को लेकर शहर में कानून व्यवस्था, स्वच्छता और जनभावनाओं से जुड़े मुद्दों पर हिंदू संगठनों ने नगर महापौर से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और ब्राह्मण महासभा समेत विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने महापौर विकास शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए खुले में होने वाली पशु बलि, पशुओं के अवशेष और खून नालियों में बहाए जाने पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की। महापौर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि न्यायालय के आदेशों का पूरी सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा और शहर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी जाएगी। हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने महापौर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बकरीद के दौरान कई स्थानों पर खुलेआम पशु बलि दिए जाने और उसके अवशेष सार्वजनिक स्थलों व नालियों में फेंके जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इससे न केवल शहर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि आमजन की धार्मिक भावनाएं भी आहत होती हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि खुले में पशु अवशेष पड़े रहने और खून नालियों में बहाए जाने से जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। पदाधिकारियों ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी स्पष्ट निर्देश जारी किए




जा चुके हैं कि पशु बलि सार्वजनिक स्थलों पर न की जाए और पशुओं के अवशेष खुले में न फेंके जाएं। इसके बावजूद कई स्थानों पर नियमों की अनदेखी देखने को मिलती है। संगठनों ने मांग की कि नगर निगम, प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों पर पशु बलि, खुले में मांस काटने और नालियों में अवशेष बहाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही अपील की कि सभी लोग त्योहार को अपने घरों और निर्धारित स्थानों पर शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर विकास शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि शहर में कानून व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों का सम्मान सर्वोपरि है और नगर निगम जल्द ही इस संबंध में एक विस्तृत एसओपी जारी करेगा। खुले में मांस काटने, पशु अवशेषों के निस्तारण और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किए जाएंगे। महापौर से मिलने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजेन्द्र सिंह मेहरा, जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुलतान, प्रखंड मंत्री सुदेव दास गुप्ता, प्रखंड संयोजक प्रिंस कोली, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा, छात्र नेता चंदन भट्ट, अभिषेक दास गुप्ता, आशीष यादव तथा अभिनव चंद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Amandeep Kumar (पुराना नाम) से बदलकर Amandeep Singh (नया नाम) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
अमनदीप सिंह पुत्र श्री सुरजीत सिंह
निवासी- तपेड़ा, नानकमत्ता,
उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, 262311

# शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता। थाना क्षेत्र में एक युवती को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार स्थानीय महिला ने कोतवाली नानकमत्ता में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री का परिचय ग्राम बरकीडांडी निवासी राजवीर सिंह उर्फ राजा से हुआ था। आरोप है कि युवक ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिया और इसी विश्वास में उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया तो वह लगातार बहाने बनाने लगा और शादी की बात को टालता रहा। आरोप है कि बाद में आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, विरोध करने पर युवती के साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की गई। मामले से परेशान होकर पीड़िता और उसके परिजनों ने थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# मनसा देवी मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक शिव ने किया लोकार्पण

रुद्रपुर। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नंबर-4, एच ब्लॉक स्थित मनसा देवी मंदिर में विधायक निधि से कराए गए सौंदर्यकरण कार्य का नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने विधायक का स्वागत करते हुए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। लोकार्पण कार्यक्रम से पूर्व विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नंबर-4 आजाद नगर एवं आसपास के क्षेत्र का भ्रमण कर वहां कराए गए विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी भी ली। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विधायक बनने के बाद से उन्होंने ट्रांजिट कैंप एवं वार्ड नंबर-4 क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए हैं। उन्होंने बताया कि मनसा देवी मंदिर में हॉल निर्माण, टाइल्स लगाने एवं सौंदर्यकरण का कार्य विधायक निधि से कराया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर




विधानसभा में लगातार विकास कार्य गतिमान हैं और उन्होंने हर वार्ड एवं हर क्षेत्र तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया है। जनता ने पिछले चार वर्षों में छोटे-बड़े विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। विधायक ने कहा कि विकास कार्य केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति और विजन से पूरे होते हैं। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क वर्षों तक धरना-प्रदर्शनों और आंदोलन की गवाह रही, लेकिन उनकी पहल पर इसे नेशनल हाईवे जैसी चौड़ी सड़क के रूप में विकसित किया गया। इससे झील क्षेत्र से शिवनगर तक लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिली है तथा खराब सड़क के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर भी काफी हद तक रोक लगी है। उनके कार्यकाल में जनता ने इस बदलाव को महसूस किया है। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, धीरेश गुप्ता, राजकुमार साह, विजय डे, शंकर विश्वास, मोनू निषाद, गीता शर्मा, आशा मुंजाल, पवन राणा, बीनू कुमार, अनिल शर्मा, साधना शर्मा, विशाल साह, महेश राय, मुकेश रस्तोगी, गोरंग, अमल मंडल, बप्पा, संजीव कुमार, भास्कर, असित, तापस, किशोर, महेश, सूचीत्रा, दीपाली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# महापौर ने आर्य चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा शिविर में छात्राओं का बढ़ाया उत्साह

रूद्रपुर। शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय आर्य चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महापौर विकास शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान छात्राओं ने आत्मरक्षा से जुड़े विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन भी किया, जिसकी महापौर ने सराहना की। अपने संबोधन में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर केवल आत्मरक्षा तक सीमित नहीं होते, बल्कि युवाओं के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियों को आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से मजबूत बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे हर परिस्थिति का साहसपूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इस शिविर में छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी बहनों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि यह पहला स्कूल है जो छात्राओं को इस प्रकार का व्यापक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, जो निश्चित रूप से समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है। महापौर ने छात्राओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे के भीतर ईश्वर ने असीम संभावनाएं दी हैं। जरूरत केवल उन्हें पहचानने और सही दिशा में आगे बढ़ने की है। साफ मन और अच्छे विचारों के साथ आगे बढ़ने वाले लोगों का प्रकृति भी साथ देती है और उन्हें उनकी मंजिल तक पहुंचाने में मदद करती है। महापौर विकास शर्मा ने छात्राओं को



सोशल मीडिया के प्रति सतर्क रहने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग सोशल मीडिया पर अपनी पहचान छिपाकर युवतियों और बच्चियों को गुमराह करने का प्रयास करते हैं तथा बाद में उन्हें ब्लैकमेल करने जैसी घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कई घटनाओं में आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। महापौर ने छात्राओं से अपील की कि यदि किसी के साथ कोई गलत घटना होती है या कोई संदिग्ध व्यक्ति परेशान करता है, तो तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा परिवारजनों को इसकी जानकारी दें। देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए महापौर ने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और युवाओं के लिए नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में भ्रष्टाचार और घोटालों की शिकायतें सामने आती थीं, लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं के आत्मविश्वास और अनुशासन की प्रशंसा की। इस अवसर पर पृथ्वी राज आर्य, कैलाश गर्ग, राजेन्द्र चांदना, धीरेन्द्र आर्य, विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा चौधरी, प्रशिक्षक राजकुमार, अभिलाषा आर्य, गीतांजलि, शगुन, यामिनी, मीनू, रीतिका, मीनाक्षी, प्रिया, दीपिका वैरागी, जानवी सहित विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# टैंपो में महिला के गहने चोरी करने वाले दो दबोचे

रामनगर। रामनगर कोतवाली पुलिस ने टैंपो में सफर कर रही महिला के बैग से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा रविवार को एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र ने किया। उन्होंने बताया कि 15 मई को ग्राम शीतलकुंज पीरूमदारा निवासी उर्मिला देवी अपने बच्चों के साथ अल्मोड़ा से एक शादी समारोह में शामिल होकर रामनगर रोडवेज बस स्टेशन पहुंची थीं। यहां से उन्होंने घर जाने के लिए एक टेंपो बुक किया था। इसी दौरान दो अज्ञात युवक भी टेंपो में सवार हो गए। एसपी क्राइम ने बताया कि घर पहुंचने के बाद जब महिला ने अपना बैग चेक किया तो उसमें रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने का ग्लोबंद,



मांग टीका तथा कुछ चांदी के आभूषण गायब मिले। उसने तुरंत कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने रविवार को नारायणपुर मालधन चौड़ क्षेत्र में तुमड़िया डाम के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अनवर अली निवासी थाना कुंडा, जनपद ऊधमसिंहनगर तथा सद्दाम हुसैन निवासी थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर महिला के चोरी हुए सभी आभूषण बरामद कर लिए।

# कुर्बानी इबादत है, प्रदर्शन नहीं : मौलाना कादरी

## बकरीद पर सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न करने की अपील

किच्छा (उद संवाददाता)। कादरी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सफीकुल कादरी ने ईद उल अजहा यानी बकरीद पर्व को जिम्मेदारी, संयम और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। जुमे की नमाज से पूर्व खुत्बे में उन्होंने कहा कि इस्लाम में कुर्बानी इबादत है, प्रदर्शन नहीं। इसलिए कुर्बानी केवल वैध पशुओं की और निर्धारित स्थानों पर ही की जानी चाहिए। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि सड़क, गली, सार्वजनिक चौराहों या खुले स्थानों पर कुर्बानी न करें, ताकि किसी प्रकार का विवाद या असहज स्थिति उत्पन्न न हो और किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में सभी को जिम्मेदारी के साथ पर्व मनाने की आवश्यकता है। मौलाना सफीकुल कादरी ने प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि कुर्बानी का उद्देश्य धार्मिक कर्तव्य निभाना और अल्लाह की रजा हासिल करना है, न कि उसका सार्वजनिक प्रदर्शन करना। उन्होंने मुस्लिम युवाओं से कुर्बानी के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी सामग्री कई बार गलतफहमियों और अनावश्यक विवाद पैदा कर देती है। पेश इमाम ने सफाई व्यवस्था पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि कुर्बानी के बाद खून, अवशेष और गंदगी को तुरंत साफ किया जाना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाना न केवल कानून के खिलाफ है बल्कि इस्लाम की शिक्षाओं के भी विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज और पड़ोसियों की सुविधा तथा सामाजिक सौहार्द का ध्यान रखना हर मुसलमान की अहम जिम्मेदारी है।

# श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## भागवत कथा श्रवण से मानव जीवन का होता है कल्याण: संगीता किशोरी

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। मोतीपुर वार्ड नंबर 2 स्थित काली मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान कथावाचक संगीता किशोरी ने प्रभु भक्ति, मानव जीवन के उद्देश्य और आत्मिक उद्धार से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। कथावाचक संगीता किशोरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाली अमर कथा है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक परिवर्तन आता है और वह बुराइयों से दूर होकर धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ता है। कथा के माध्यम से उन्होंने भगवान के प्रति श्रद्धा और समर्पण की भावना को जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर श्रद्धा और विधि विधान से भागवत कथा का आयोजन होता है, वह स्थान तीर्थ के समान पवित्र माना जाता है। कथा श्रवण से मनुष्य के मन में शांति, संयम और सेवा का भाव जागृत होता है तथा उसे मोक्ष प्राप्ति का मार्ग मिलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में धार्मिक मूल्यों को अपनाने और समाज में सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इससे पूर्व शुक्रवार शाम को कथा के शुभारंभ अवसर पर महिलाओं ने कलश यात्रा और भव्य शोभायात्रा निकाली थी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर आयोजन को धार्मिक स्वरूप प्रदान किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होकर मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि विधान से कथा का शुभारंभ किया गया। कथा आयोजन में पंचमी सरदार, गीता हालदार, सविता राय, लक्ष्मी मंडल, कृष्णा वाला, सुनीता मंडल, ममता मंडल, ज्योति, रितिका, रत्ना राय, उर्मिला, रंजीता, पूजा, मालती और तृप्ति समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा का क्रम जारी रहेगा।



# ग्रामीणों का धरना 19 वें दिन भी जारी

नानकमत्ता। ग्राम सरोजा के प्रधान पद के एक प्रत्याशी का नामांकन अतिक्रमण के आधार पर निरस्त किए जाने के मामले में ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन लगातार 19 वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर गलत तरीके से अतिक्रमण दर्शाकर नामांकन निरस्त करने का आरोप लगाया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। धरने पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान पद के प्रत्याशी सुखविंदर सिंह मोमी, वजिन्दर सिंह मोमी के खिलाफ अतिक्रमण की कार्रवाई तथ्यों के विपरीत की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया, जिससे गांव के लोगों में भारी नाराजगी है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान बलजीत सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, बलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, रणदीप सिंह, सुखविंदर सिंह मोमी, निर्मल सिंह, राजदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुईं मीना सिंह राजपूत

रुद्रपुर। उत्तराखंड की जानी-मानी समाज सेविका मीना सिंह राजपूत को ऑल मीडिया काउंसिल अवार्ड समारोह 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान देश के वरिष्ठ राजनेता एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डनतसप डंदवींत श्र्वींप द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से की जा रही उनकी निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मीना सिंह राजपूत ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रहित से जुड़े अनेक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपने सेवा भाव, समर्पण और जनहित के कार्यों से यह साबित किया है कि सच्ची समाज सेवा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत होती है। सम्मान प्राप्त करने के बाद मीना सिंह राजपूत ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज और राष्ट्रहित के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका जीवन हमेशा समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहेगा तथा भविष्य में भी वह जरूरतमंदों और कमजोर वर्गों के लिए लगातार कार्य करती रहेंगी। ऑल मीडिया काउंसिल अवार्ड समारोह 2026 में देशभर से पहुंचे सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों ने मीना सिंह राजपूत को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।



# जनसेवा अभियान का किया शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के जनसेवा अभियान का शुभारंभ स्वामी शिवानंद जी महाराज एवं उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक नारायण सुराड़ी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वामी शिवानंद जी महाराज ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में निस्वार्थ भाव से जनसेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रमोद मित्तल द्वारा निरंतर संचालित यह जनसेवा अभियान समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन चुका है। जिस समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा भावना के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है, वह अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस सेवा से आमजन को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है तथा जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिल रही है। स्वामी शिवानंद जी महाराज ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि यह जनकल्याणकारी सेवा आगे भी निरंतर इसी प्रकार चलती रहे और अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंचे। प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक नारायण सुराड़ी ने कहा कि समाज में ऐसे जनसेवा कार्य ही वास्तविक मानवता की पहचान होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रमोद मित्तल एडवोकेट द्वारा जरूरतमंद लोगों की सेवा करना प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में कुशल अग्रवाल, प्रमोद यादव, मनीष मित्तल एडवोकेट, रवि अग्रवाल, पूजा मित्तल, ममता, प्रवीण जैन, निखिल चंडोक, करण अरोरा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**दिखावे की राजनीति कर रही....**साथ होते हैं। इसे सिर्फ दिखावा ही कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है। कार्यकर्ताओं में अलग अलग विचार हो सकते हैं परंतु इसे विवाद नहीं कहा जा सकता है। श्री गोदियाल ने कहा कि असली विवाद तो इस समय सरकार और गदरपुर के विधायक के मध्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में हर नागरिक को मौलिक अधिकार दिये गये हैं। परंतु जब कोई उनके अधिकारों का हनन कर उत्पीड़न करता है तो यह गलत है। श्री गोदियाल ने कहा कि आज भारत की अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस शासन के दौरान पैट्रो पदार्थों व गैस की कीमत आज के मुकाबले काफी कम थीं। लेकिन आज आम जनता को बढ़ती महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तराखण्ड में एतिहासिक जीत हासिल करेगी। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष ममता रानी ,पार्षद गौरव गिरी पार्षद, अवध धामा, इंद्र रौतेला, संजय कुमार,पार्षद जितेश शर्मा, पार्षद गौरव खुराना, देवेन्द्र शाही,सुमित्तर भुल्लर, तरूण नेगी, फरमान सिददीकी, आरिफ गाजी, सुल्तान अहमद, सलीम अहमद, मोहन लाल, विक्रमजीत सिंह, विक्की विर्क, मनप्रीत सिंह, राजेन्द्र दास, दलीप सिंह, कमला प्रसाद, बलजिंदर सिंह, संजय ठुकराल, संजय जुनेजा, अवतार सिंह, सर्वेश सिंह, गुरदास कालड़ा, गुलशन सिंधी, राम सेवक, एनयू खान नासिर खान, आशीष, दानवीर कोली, गब्बर कोली, गौतम घरामी, इन्द्रजीत सिंह, लक्ष्मण दास बांगा, मोनिका ढाली, प्रताप नारायण सिंह, रामकुमार सिंह, सुनीता कश्यप, केलावती, मदन मोहन शर्मा, पूजा, अफसर कुरैशी, मोसिन कुरैशी, दर्शन कोली, इम्तियाज अली, परिमल राय, फरीद अहमद मंसूरी, करमवीर सिंह, मनीष गंगवार, रिजवान, जहांगीर कुरैशी, बॉबी यादव, केरू मण्डल, विशाल वर्मा, नवतेज पाल, गुरसेवक सिंह, मलखान सिंह, सुरेन्द्र सिंह, इदरीश, प्रदीप यादव, राजेश प्रताप सिंह, उत्तम आचार्य, बलकार सिंह, विनोद कोरंगा, नारायण कोरंगा, प्रवेश गंगवार, नंद किशोर गंगवार, लोकेश यादव, अजय नारायण सिंह, ललित बिष्ट, सुखवंत सिंह, सुनील चुघ, राजेश सिंह, परवेज कुरैशी, बाबू खान, पंकज कटारिया, उमर अली, इरफान अली, मोंटू बाधवा, ओमप्रकाश दुआ, सचिन वर्मा, दिलराज बाजवा, हीरा सिंह विर्क, अमरीक सिंह संधू, बलविंदर सिंह, सुरमुख सिंह, मनिंदर सिंह, मनराज सिंह, मनराज सिंह, करमवीर सिंह, करमवीर चीमा, परवेज कुरैशी बाबू खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**२४ घंटे में दबोचा...**दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी तिवारी सिंह ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान उसने आवेश में आकर कुल्हाड़ी से मेवा लाल पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी तिवारी सिंह पुत्र जय सिंह निवासी लालपुरी गूलरभोज थाना दिनेशपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी अन्य आपराधिक गतिविधि में तो शामिल नहीं रहा है। मामले के खुलासे में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता, थानाध्यक्ष मुखानी सुशील कुमार जोशी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रोहताश सिंह, उपनिरीक्षक संजीत राठौड़, कांस्टेबल राहुल राणा एवं कांस्टेबल धीरेन्द्र अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**तीन बड़ी चोरियों का ....**चोरी कर ले गया। मामले में थाना लालकुआं में मु0एफआईआर संख्या 77/2026 धारा 305(ए)/331(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक गौरव जोशी को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इसी तरह की दो अन्य चोरी की घटनाएं वर्ष 2025 में भी क्षेत्र में हुई थीं। इनमें संजयनगर द्वितीय बिन्दुखत्ता निवासी पार्वती देवी तथा रावतनगर द्वितीय निवासी कुंवर सिंह मेहता के घरों से भी जेवरात और नकदी चोरी हुई थी। इन घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कत्याल, क्षेत्राधिकारी लालकुआं अमित कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह राणा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने क्षेत्र और आसपास लगे लगभग 200 से 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा टेक्निकल और मैन्युअल इंटेलिजेंस के जरिए संदिग्धों की तलाश शुरू की। 23 मई 2026 को चौकी प्रभारी बिन्दुखत्ता उपनिरीक्षक गौरव जोशी को सूचना मिली कि चोरी की घटनाओं में शामिल एक संदिग्ध व्यक्ति क्षेत्र में चोरी के जेवर बेचने आया है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भानु प्रताप पुत्र रोशन लाल निवासी थाना बहेड़ी, जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सोने के टूटे हुए आभूषण बरामद हुए। वहीं एक पंखानुमा हीटर की निचली प्लेट खोलने पर उसमें बड़ी मात्रा में छिपाकर रखे गए सोने के जेवर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह दिन में पैदल घूमकर बंद मकानों की रेकी करता था और मौका पाकर ताले तोड़कर घरों से जेवरात एवं नकदी चोरी कर लेता था। उसने वर्ष 2025 की दोनों चोरी की घटनाओं को भी अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने शिकायतकर्ताओं को बुलाकर बरामद आभूषणों की पहचान कराई, जिसके बाद आरोपी को विधिक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। मामले के सफल खुलासे पर एसएसपी नैनीताल द्वारा पुलिस टीम को 2500 रुपये के पुरस्कार देने की घोषणा की है। खुलासे में शामिल पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गौरव जोशी, हेड कांस्टेबल इसरार नवी (एसओजी), कांस्टेबल कमल बिष्ट, दयाल नाथ, आनन्द पुरी, उमेश गिरी, मनीष नौटियाल, दिलीप कुमार एवं विरेंद्र रौतेला आदि शामिल रहे।

**संदिग्ध हालातों में ....**पुत्र 1 वर्ष की पुत्री है। परिजनों ने बताया कि पारिवारिक झगड़ों के कारण अंकित अक्सर ही अपने दोस्तों से फांसी लगाकर जान दे देने की बात करता रहता था। उन्होंने बताया अंकित पिछले दो दिनों से मजदूरी करने नहीं गया था। शनिवार की सायं वह कमरे में गया और दरवाजा अन्दर से बंद कर दिया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया तो उसे आवाज देकर कमरे का दरवाजा खटखटाया परंतु अन्दर से कोई जवाब नहीं आया। जिस पर किसी तरह दरवाजा खोलकर भीतर देखा तो अंकित फांसी पर लटका हुआ था। उसे फांसी उतार कर चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। जिसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**डिलीवरी के बाद महिला की ...**घोषित कर दिया। डॉक्टर कुलदीप सिंह यादव का आरोप है कि इस दौरान मेडिसिटी अस्पताल में रूमा के साथ मारपीट की गई। जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास है। उन्होंने बताया कि चीफ मेडिकल ऑफिसर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्य डॉक्टर की टीम गठित कर दी है। जांच पूरी होने तक अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को नानकमत्ता के अस्पताल में अटैच कर दिया गया है।

**गदरपुर पालिका में ...**पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर मिंटू पहले ही नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। विपक्ष पूर्व में सफाई व्यवस्था से जुड़े टेंडरों में भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप लगा चुका है। अब करीब 8 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की निविदाओं को लेकर भी कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विपक्षी नेताओं और स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन स्थानों पर पहले से कार्य पूर्ण हैं, वहां दोबारा निर्माण कार्य दिखाकर सरकारी धन खर्च करने की तैयारी की जा रही है। इससे पूरी टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। चामुंडा मंदिर के पास पहले से मौजूद इंटरलॉकिंग टाइल्स के बावजूद दोबारा निविदा जारी होने का मामला अब नगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब सड़क और इंटरलॉकिंग पहले से सही स्थिति में है तो आखिर नए निर्माण कार्य की आवश्यकता क्यों पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विकास कार्यों की वास्तविक जरूरतों का सर्वे कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए जाएं तो नगर के कई अन्य क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं बेहतर की जा सकती हैं। लेकिन बिना आवश्यकता वाले कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने से भ्रष्टाचार की आशंकाएं और गहरा रही हैं। पूरे मामले को लेकर अब निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि यदि सभी विकास कार्यों और निविदाओं की तकनीकी जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं।

**काशीपुर में चीमा के निवास...**कहा जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है इसलिए अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इस दौरान विधयाक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, दर्जा मंत्री मंजीत सिंह, सीमा चौहान, ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रभा, राम मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज पाल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री मुकेश कुमार, राजेश कुमार, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक स्वपन किशोर सिंह, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

**बेकाबू कार ने साइकिल...**लिए घर से साईकिल पर सवार होकर प्रीत विहार की ओर रवाना हुआ। बताया जाता है कि जब वह रिंग रोड़ के पास फ्लाई ओवर के करीब पहुंचा तो इसी दौरान पीछे की ओर से तेज गति से आती कार संख्या डीएल 8सीबीएल 9745 के अज्ञात चालक से उसे जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तोफीक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार भी आगे की तरफ क्षतिग्रस्त हो गई। तोफीक को कार चालक की मदद से उपचार के लिए समीप स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक तोफीक के पत्नी सहित चार पुत्र व दो पुत्रियां हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर कार चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ऊधमसिंहनगर पुलिस को मिलीं 50 हाईटेक साइकिलें

## ग्रीन और फिट पुलिस पहल को मिली नई गति, पुलिस लाइन और कार्यालय में होगा उपयोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर पुलिस की ग्रीन और फिट पुलिस पहल को नई गति देते हुए काया बाइक्स के सौजन्य से जनपद पुलिस को 50 हाईटेक साइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की पहल पर इन साइकिलों का उपयोग पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय परिसर में दैनिक शासकीय कार्यों के संचालन के लिए किया जाएगा। एसएसपी अजय गणपति की दूरदर्शी सोच के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और पुलिस कर्मियों की फिटनेस को बढ़ावा देना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार साइकिलों के उपयोग से वाहनों पर निर्भरता कम होगी, जिससे ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ वातावरण को भी बढ़ावा मिलेगा। साइकिलों के सुरक्षित और व्यवस्थित रखरखाव के लिए पुलिस कार्यालय और पुलिस लाइन परिसर में विशेष साइकिल स्टैंड भी स्थापित किए गए हैं। इससे महिला और पुरुष दोनों पुलिस कर्मियों को साइकिलों के उपयोग में सुविधा मिलेगी तथा उनका बेहतर रखरखाव भी सुनिश्चित हो सकेगा। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि यह पहल केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस कर्मियों को फिट, सक्रिय और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। नियमित साइकिल उपयोग से पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य में सुधार के साथ कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत अभियानों को धरातल पर उतारने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। काया बाइक्स द्वारा उपलब्ध कराई गई आधुनिक साइकिलें पुलिस विभाग में सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित करने में भी सहायक साबित होंगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध/ट्रैफिक जितेंद्र चौधरी तथा पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर उत्तम नेगी तथा काया बाइक्स के फाउंडर अजय एवं पुलिस उपाधीक्षक पंतनगर डी आर वर्मा तथा निरीक्षक अभिसूचना अनुराग रतूड़ी , पेशकार निरीक्षक बसंती आर्य, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन गजेंद्र सिंह परवाल तथा अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।






# घर से वन्यजीव के कटे सींग बरामद मामले में जांच जारी

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। वन विभाग की कार्रवाई में वन्यजीव से जुड़े मामले में बरामद किए गए कटे सींगों की जांच प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों के अनुसार अप्रैल माह की 20 तारीख को दिनेशपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 निवासी स्वरूप सिंह पुत्र स्वर्गीय मोहन सिंह के घर से वन्यजीव के कटे हुए कुल सात सींग बरामद किए गए थे। बरामदगी के बाद वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू की। वन विभाग की ओर से टांडा रेंज के अंतर्गत भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की सुसंगत धाराओं में रेंज केस संख्या 01 टांडा 2026 27 दर्ज किया गया। इसके बाद 21 अप्रैल 2026 को अभियुक्त को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की जांच के लिए रिमांड प्राप्त किया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मामले में आवश्यक पूछताछ और प्रारंभिक जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद 24 अप्रैल 2026 को अभियुक्त को जमानत पर रिहा कर दिया गया। हालांकि प्रकरण की विवेचना अभी जारी है और जांच के विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जा रहा है। वन विभाग ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 49, 49बी और 51 के अंतर्गत अपराध पंजीकृत किया गया है। ये धाराएं वन्यजीवों एवं उनसे जुड़े अवैध व्यापार, संरक्षण और दंडात्मक प्रावधानों से संबंधित हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बरामद सींगों की परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा।





# स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा नानकमत्ता

नानकमत्ता। नगर पंचायत क्षेत्र के चार वार्डों में 289 ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के बाद अब नगर की सड़कें और गलियां रात के समय रोशनी से जगमगाती नजर आएंगी। लंबे समय से चल रहे इस कार्य के पूर्ण होने पर शनिवार को लाइटों का विधिवत उद्घाटन संयुक्त रूप से पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर को रात के अंधेरे से मुक्त करने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की योजना के तहत आधुनिक ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं, जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही रात के समय आवागमन भी सुरक्षित और सुगम होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों में काफी समय से स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य चल रहा था, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लाइटें आधुनिक ऑटोमेटिक सिस्टम से संचालित होंगी, जो शाम होते ही स्वत: जल जाएंगी और सुबह अपने आप बंद हो जाएंगी। इससे बिजली की बचत के साथ-साथ नगर की सुंदरता में भी इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। स्थानीय लोगों ने भी नगर में आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगने पर खुशी जताई और इसे सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर वार्ड सभासद गौरव वर्मा, सभासद सुरंजन राय, ओम प्रकाश चौरसिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



# बागवाला में चुघ ने किया सीसी रोड का लोकार्पण

रुद्रपुर के ग्राम बागवाला (डेरा) में ग्राम पंचायत बागवाला के अंतर्गत सुरेंद्र के घर से रामानंद के घर तक निर्मित सीसी रोड का रविवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पूजा कुमारी पत्नी प्रमोद कुमार ने की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत भूषण चुघ ने कहा कि छंतमदकतं डवकप एवं च्नेीांतै पदही कींउप के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सीसी रोड के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याओं से राहत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किया जा रहा है। भारत भूषण चुघ ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जहां सभी वर्गों को समान सम्मान और अवसर मिलता है। पार्टी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना के साथ समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है और आने वाले समय में भी ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक विकास योजनाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और क्षेत्र के विकास में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य कर रही है। क्षेत्र में सड़क, नाली, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम में अवधेश कश्यप, रानी, जगपाल, धर्मेंद्र, रामभजन, कन्यावती, चंद्रावती, आरती, भारती सरकार, पूनम, राजकुमार, रीमा मंजीत, मीरा, रामकेश, बाबूराम, राहुल, शंकर, योगेश तिवारी, कमलेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

